NYC sanitation

आधिकारिक सूचना

नए व्यावसायिक कार्बनिक पदार्थ नियम

19 जुलाई, 2016 से न्यूयॉर्क नगर के कतिपय व्यवसायों को कानूनन अपनी कार्बनिक बेकार सामग्री अलग करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए, 311 पर संपर्क करें या on.nyc.gov/commercial-organics पर जाएं।

समय-सारणी

नियम लागू	अनुपालन का आरंभ	चेतावनी अवधि	कानून लागू होने की तारीख
19 जनवरी, 2016	19 जुलाई, 2016		19 जनवरी, 2017

वे प्रतिष्ठान जिन पर वाणिज्यिक कार्बनिक नियम लागू होते हैं

सावधान: यदि आपका व्यवसाय ऊपर वर्णित न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा करता है, तो आपको व्यावसायिक कार्बनिक पदार्थ नियमों का पालन करना होगा।



15,000 या अधिक सीटों वाले अखाड़े और स्टेडियम



भोजन विनिर्माता 25,000 वर्ग फीट या अधिक



भोजन थोक विक्रेता 20,000 वर्ग फीट या अधिक



150 या अधिक कमरों वाले होटलों में भोजन सेवा

कौन-से कार्बनिक पदार्थों को अलग किया जाना है



बचा-खुचा भोजन
किसानों या प्रतिदान कंपनियों को बेची जाने वाली सामग्री या दान किया जाने वाला भोजन शामिल नहीं है।

पौधों की कतरन

भोजन रखने के कारण खराब हुए कागज़



खाद योग्य प्रमाणित उत्पादों
को प्रोसेसर की प्रमाणन अपेक्षाओं का पालन अवश्य करना होगा।

अनुपालन कैसे करें और उल्लंघनों से कैसे बचें

ऐसे क्षेत्रों जहाँ स्टाफ कार्बनिक पदार्थों की साज-संभाल करता है, वहाँ विशेष रूप से कार्बनिक पदार्थों के लिए लेबल लगए हुए कंटेनर प्रदान करें और कार्बनिक पदार्थों को अलग करने की अपेक्षाओं के बारे में अनुदेशों वाले साइनेज लगाएं।

कर्मचारी उपयुक्त लेबल लगे हुए कंटेनरों में सामग्री रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि कार्बनिक पदार्थों को किसी कूड़े और रिसाइकल किए जाने योग्य चीज़ों के साथ न मिलाया जाए।

कार्बनिक पदार्थों का कूड़े और रिसाइक्लिंग से अलग परिवहन और/या प्रोसेसिंग किए जाने की व्यवस्था करें। अपने BIC डिकैल के आगे साइनेज लगाएं जिसमें स्पष्ट रूप से आपकी व्यवस्था के बारे में बताया गया हो। साइनेज संबंधी अपेक्षाओं के लिए on.nyc.gov/commercial-organics पर जाएं।

नए व्यावसायिक कार्बनिक पदार्थ नियम

NYCsanitation

19 जुलाई, 2016 से न्यूयॉर्क नगर के कतिपय व्यवसायों को कानूनन अपनी कार्बनिक बेकार सामग्री अलग रखनी होगी।
अधिक जानकारी के लिए, 311 पर संपर्क करें या on.nyc.gov/commercial-organics पर जाएं।

कार्बनिक सामग्रियों का परिवहन या प्रोसेस करने के लिए विकल्प

निजी परिवहनकर्ता

- खाद बनाने या अवायवीय/वायवीय पाचन द्वारा प्रोसेस करने के उद्देश्य के लिए कार्बनिक बेकार सामग्री एकत्र करने के लिए निजी परिवहनकर्ता की सेवाएं लें।
- अपने परिवहनकर्ता के विशेष विवरणों के अनुरूप बाहर रखे जाने वाले कंटेनरों का उपयोग करें जिनमें सिटकनी वाले ढक्कन हों जिससे चूहा-गिलहरी आदि या वन्य प्राणी छेड़छाड़ न कर सकते हों।
- कार्बनिक बेकार सामग्री ऐसे बाहर रखे गए कंटेनरों में रखें जिनके ढक्कन सिटकनी से कसकर बंद हों।

स्वयं का परिवहन

- कार्बनिक बेकार सामग्री का कानूनी रूप से परिवहन करने के लिए NYC बिज़नेस इंटीग्रीटी कमीशन (BIC) के यहाँ पंजीकरण करवाएं।
- अपनी स्वयं की कार्बनिक सामग्री का खाद बनाने या अवायवीय/वायवीय पाचन के लिए किसी प्रोसेसर के यहाँ सीधे या किसी ऐसे ट्रांसफर स्टेशन ले जाने के लिए परिवहन करें जो यह सुनिश्चित करेगा कि सामग्री अन्य बेकार सामग्री से अलग रहे और इसे उचित प्रोसेसिंग के लिए किसी अंतिम स्थान में भेजा जाएगा।
- लिखित करार की प्रति प्रोसेसर या ट्रांसफर स्टेशन के पास रखें और अनुरोध करने पर DSNY को उपलब्ध कराएं।

कार्य स्थल पर प्रोसेसिंग

- on.nyc.gov/commercial-organics पर कार्यस्थल पर प्रोसेसिंग फॉर्म इंस्टालेशन के 30 दिनों के भीतर DSNY को भेजें।
- खाद बनाने या अवायवीय/वायवीय पाचन द्वारा सामग्री को प्रोसेस करें। फूड वेस्ट ग्राइंडर की अनुमति नहीं है।
- वज़न और मात्राओं को दर्ज़ करें और इन्हें अनुरोध पर DSNY को भेजने के लिए कम से कम तीन वर्ष की अवधि तक रखें।
- अन्य विकल्पों में से किसी एक के माध्यम से बाकी कार्बनिक बेकार सामग्री के लिए परिवहन व्यवस्थाएं करें।

सुझाव

- अनावश्यक बेकार सामग्री की पहचान करने के लिए बेकार सामग्री की जाँच करें और अपने व्यवसाय का पैसा बचाएं! आपके परिवहनकर्ता को इसमें आपकी सहायता करनी पड़ सकती है, या epa.gov/sustainable-management-food पर EPA की वेबसाइट का उपयोग करें।
- NYC में बहुत-से संगठन दान किया गया भोजन स्वीकार करते हैं और इसे मुफ्त में उठा लेते हैं—इससे आपकी परिवहन की लागत कम हो जाती है। कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व रिपोर्टों के लिए दानों की खोज-खबर रखें। अतिरिक्त जानकारी पाने के लिए nyc.gov/donate पर जाएं।
- खेतों से उपज प्राप्त करने के लिए खाली ट्रक न भेजें। इसकी जाँच करें कि क्या आपके व्यवसाय के लिए बैकहॉलिंग उपयुक्त है।
- यदि आपको संदेह है कि आपका परिवहनकर्ता या इमारत प्रबंधन उचित रूप से कार्बनिक सामग्री की साज-संभाल नहीं कर रहा है, तो on.nyc.gov/dsny-complaints पर शिकायत दर्ज़ करें।